दिन–बुधवार | दिनांक– 27/03/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राज्य में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। होली पर्व संपन्न होने के बाद आज नामांकन की प्रक्रिया में तेजी आई है। इस चरण में राज्य की गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन चारों सीटों पर अब तक कुल दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इनमें औरंगाबाद से भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह और नवादा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुमार कुशवाहा प्रमुख हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त नामांकन के आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद से छह उम्मीदवार ने, गया से तीन और नवादा सीट से एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा भरा है। जमुई से कोई नामांकन नहीं हुआ है। राज्य में नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को की जाएगी और दो अप्रैल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

————————————————————

महागठबंधन के प्रमुख दलों राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच अंतिम दौर की बातचीत कल देर रात तक जारी रही लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। ताजा जानकारी के अनुसार आज भी बातचीत फिर से होगी। जिसके बाद महागठबंधन की ओर से सीट बंटवारे की घोषणा किए जाने की संभावना है। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निखिल कुमार ने औरंगाबाद सीट को लेकर आरजेडी पर गठबंधन धर्म का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। श्री कुमार ने कहा कि औरंगाबाद सीट पर उनका दावा बनता है और कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में यह मुद्दा उठाया जायेगा।

————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बीजेपी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत चालीस वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, गिरिराज सिंह, अश्विनी चौबे, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन समेत बिहार भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल है।

चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जन शक्ति पार्टी–रामविलास ने अरुण भारती को जमुई संसदीय सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। श्री पासवान ने आज उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। चिराग पासवान दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस में जमुई लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और इस बार उन्होंने हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बिहार में एन.डी.ए. में सीट बंटवारे के समझौते में लोक जन शक्ति पार्टी–रामविलास को पांच सीटें मिली हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए कल अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में बिहार की पाँच लोकसभा सीटों समेत बारह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की नवासी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। राज्य की पांच सामान्य लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और आठ अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। इन क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है और कई स्थानों पर तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर में सबसे अधिक तापमान छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भाग को छोड़कर अधिकांश भागों में तापमान में औसतन दो से चार डिग्री की वृद्धि दर्ज की जायेगी। वहीं सुपौल, अररिया, किशनगंज समेत प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले की बगहा पुलिस ने होली के दिन एक व्यवसायी की हत्या मामलें में जिले के लौरिया क्षेत्र से पाँच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन देशी कट्टा, कारतूस समेत अन्य समान बरामद कियें गए है।

कटिहार पुलिस ने जिले के अमदाबाद और कुर्सेला थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस मामलें में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

बेगूसराय पुलिस ने लाखों थाना क्षेत्र के कासिमपुर में छापेमारी कर मिनी शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया है। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण समेत दो अपरधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।